महत्वपूर्ण एवं खास

खाद्य नागरिक आपूर्ति निरीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न, 11 हजार 119 परीक्षार्थी हुए शामिल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा बोर्ड रायपुर द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2022 आज आयोजित की गई। परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न हुई। रायगढ़ में 49 केंन्द्रो में परीक्षा आयोजित की गयी। जिसमें में 13 हजार 593 परीक्षार्थियों में से 11 हजार 119 उपस्थित रहे एवं 2 हजार 474 अनुपस्थित रहे।

60 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को एक हजार रूपए प्रतिमाह देगा प्रेस क्लब

भिलाई (आरएनएस)। स्टील सिटी प्रेस क्लब भिलाई की कार्यकारिणी ने आज सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर स्टील प्रेस क्लब के वे समस्त कार्यरत सदस्यों को जिन्होंने 31 दिसंबर 2021 को 60 वर्ष पूर्ण कर लिया है तथा पिछले 10 वर्षों से लगातार पत्रकारिता के विभिन्न आयामों में कार्यरत रहा है उन्हें अप्रेल 2022 से प्रति माह एक हजार रू. देने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर संरक्षक शिव श्रीवास्तव, अध्यक्ष आनंद नारायण ओझा, कोषाध्यक्ष नीलेश त्रिपाठी, रंजीत सिंह, यशवंत साहू, वीरेन्द्र शर्मा, मनोज साहू, गौरव तिवारी उपस्थित थे। युवा पत्रकार नीलेश त्रिपाठी ने इस मुद्दे को उठाया था एवं वरिष्ठ पत्रकारों के हित में कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से न केवल उसके प्रस्ताव को स्वीकार किया बल्कि साथ में समय समय पर पत्रकारों के लिए कार्यशाला सिम्पोजियम एवं इलेक्ट्रानिक चैनल से जुड़े किसी एक सदस्य को हर वर्ष किसी बड़े शहर में विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजने का निर्णय लिया गया है।

तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, तीन लोगों की मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीशगढ़ के बस्तर में एनएच 30 में हुए सडक़ हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, मृतकों में एक 13 वर्ष का एक बच्चा भी शामिल है, घटना की जानकारी लगते ही डायल 112 की टीम और बस्तर पुलिस भी मौके पर पहुँची है। हादसे की जानकारी देते हुए बस्तर थाना प्रभारी सुरित सारथी ने बताया कि नेगानार निवासी मोहन कश्यप, उसका रिश्तेदार गोरडू कश्यप व उसका 13 वर्षीय पुत्र लकीराम जो रामपाल के मुर्गा फार्म में काम से गये थे, काम खत्म करने के बाद वापस अपने घर आ रहे थे कि अचानक नेगानार चौक के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उसके वाहन को रौद दिया, जिससे गोरडू व उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहन को अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई7घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दिया, वही 3 लोगों की मौत से गाँव में मातम छा गया है।

रेलवे कर्मचारियों के साथ आएदिन मारपीट

महासमुंद (आरएनएस)।रेलवे कर्मचारियों के साथ आएदिन मारपीट व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी की वारदात हो रही है, लेकिन आरोपी पुलिस व आरपीएफ की पकड़ से बाहर है। पूर्व में तीन घटनाएं हो चुकी है पर अंजाम देने वाले अभी तक नहीं पकड़े गए हैं। लूटपाट व चाकूबाजी करने वाले आरोपी भी फरार हैं। जिसे अब गेट कीपर भी दहशत में हैं। शुक्रवार सुबह दलदली रेलवे क्रॉसिंग के फाटक पर तैनात गेट कीपर से तीन युवकों ने गाली-गलौज की। गेट नहीं खोलने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। कर्मचारी ने कक्ष के भीतर घुसकर अपनी जान बचाई। युवकों के जाने बाद आरपीएफ को घटना की सूचना दी।

जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने उर्वरक दुकानों की हो रही सघन जांच

❍ कलेक्टर भीम सिंह ने कृषि अधिकारियों को दिए हैं निर्देश

रायगढ़। जिले में सहकारी संस्था में यूरिया खाद की कमी के कारण खाद की कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य बेचने की शिकायत मिलने पर कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर भीम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निरीक्षण के आदेश दिए है। जिसके तहत विभिन्न विकासखंडों में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के अंतर्गत उर्वरक पंजीयन प्रमाण पत्र धारकों द्वारा उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है। वर्तमान में सहकारी संस्था में यूरिया खाद की कमी होने के कारण खाद की कालाबाजारी की शिकायत समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। जिस पर कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार उर्वरक निरीक्षकों को औचक निरीक्षण करने हेतु आदेश जारी किया था। जिसके परिपालन में आज रायगढ़, बरमकेला एवं लैलूगा विकासखंड के 05 उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, उर्वरक निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष अनियमित्ता नही पायी गई। इस माह जिले के लगभग 30 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें 14 फरवरी को खरसिया विकासखंड के ग्राम सरवानी में जीतेन्द्र पटेल द्वारा बिना पंजीयन प्रमाण पत्र के उर्वरक का विक्रय किया जा रहा था। जिसके विरूद्ध उर्वरक को जप्त कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा जिन विक्रेताओं के प्रतिष्ठान में अनियमितता पायी गई है, उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अनियमितता को सुधार करने हेतु पत्र जारी कर दी गई। वर्तमान में कालाबाजारी को रोकने के लिए जिले के अन्तर्गत पदस्थ सभी उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा सतत् निगरानी रखी जा रही है। उप संचालक कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरक विक्रेताओ से निर्धारित दर से अधिक दर पर खरीदी न करे तथा अधिक दर पर विक्रय की सूचना कृषि विभाग को दे। इसके अलावा अधिक कीमत, जमाखोरी एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलने पर कार्यालय उप संचालक कृषि रायगढ़ एवं किसान मितान केन्द्र रायगढ़ का दूरभाष क्रमांक/ टोल फ्री नं. 077622 20213 में सूचित कर सकते है,जिससे कार्यवाही किया जा सके।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू अन्तर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की 14 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 7 मार्च 2022 को शाम 05 बजे तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू, जिला रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते है। कापू परियोजना अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गेढ़ीखुर्द-अ, रायमेर, टोकरोडांड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 पद तथा पत्थलगांवखुर्द, कुमरता, सकालो, दाहीडांड, सोनपुर, चुल्हाखोल, इंचपारा, डगभौना, रामपुर,चाल्हा एवं जुनापारा आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका के 1-1 पद रिक्त है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर कार्यालय महिला बाल विकास विभाग जिला रायगढ़ अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू में संपर्क किया जा सकता है।

सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक दंपती की मौत, शादी समारोह से लौट रहे थे वापस

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)। सडक़ हादसे में रिटायर्ड शिक्षक दंपती की मौत हो गई। जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के चलते हुए। पति-पत्नी दोनों बिलासपुर से शादी समारोह में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के रीवा गए थे। वहां से लौटने के दौरान शनिवार की देररात पेंड्रा क्षेत्र में हादसा हो गया।

बिलासपुर के शांति नगर निवासी रिटायर्ड शिक्षक त्रिलोक नाथ शास्त्री अपनी पत्नी चंद्रकांता शास्त्री के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए सीधी गए थे। वहां से ऑल्टो कार में शनिवार को बिलासपुर लौट रहे थे। अभी वे कारीआम के पास पहुंचे थे कि कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसके शीशे टूट गई।

इस दौरान किसी ने हादसा होते देख डायल-112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर फं से लोगों को बाहर निकाला। तब तक पति-पत्नी दोनों की मौत हो चुकी थी। वहीं कार चालक की हालत गंभीर थी। उसे इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

खरसिया पुलिस की भद्रीपाली में अवैध महुआ शराब बनाने की भट्ठी को किया ध्वस्त

0 तोड़े गऐ 15 चूल्हे, खेतों में गढ्ढा खोदकर छिपाए 100 बोरी महुआ पास भी किया नष्ट

रायगढ़। अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करने के पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना एवं चौकी प्रभारीगण अवैध शराब की बिक्री एवं अवैश शराब भट्ठी पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना प्रभारी खरसिया क्षेत्र में मुखबिर लगाकर अवैध शराब बिक्री एवं अवैश शराब बनाने वालों की मिल रही सूचनाओं पर गांवों में सर्च अभियान चलाकर अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 20.02.2022 को खरसिया टीआई सुमत राम साहू के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा ग्राम भद्रीपाली में अवैध महुआ शराब बनाये जाने की सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया। शराब बनाने वाले तालाब के पास खेत मेड की आड़ में चूल्हा बनाया गया था और कई स्थानों पर गढ्ढा खोदकर महुआ पास को छिपाकर रखे थे ताकि किसी की नजर न पड़े। पुलिस टीम के जवान सादे कपड़ों में मौके पर रेड की उस दौरान कोई आसपास मौजूद नहीं था। पुलिस टीम द्वारा आसपास आरोपियों की तलाश की गई इस दौरान खेत में गढ्ढो पर बोरियों में रखा हुआ महुआ पास मिला। जवानों द्वारा करीब 100 बोरी महुआ पास नष्ट किया गया तथा मौके पर करीब 15 चूल्हो को जवानों द्वारा तोड़ा गया है।

थाना प्रभारी खरसिया सुमत राम साहू को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली थी कि भद्रीपाली, तालाब के पास महुआ शराब बनाने का काम हो रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शराब भट्ठी को ध्वस्त किया हालांकि पुलिस टीम के पहुंचने के पहले शराब बनाने वाले भाग गये थे जिसका पता लगाया जा रहा है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी टीआई साहू के साथ आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, राजेश राठौर, मुकेश यादव आदि शामिल थे।

राजिम मेला में संडे रहा फनडे, रविवार को राजिम मेला में उमड़ी भीड़

राजिम (आरएनएस)। माघी पुन्नी मेला के पांचवे दिन की रविवार को भारी भीड़ रही। मेला में इस बार सडक़ों की चैड़ाई बढ़ा दी गई है। आस्था धर्म एवं आध्यात्म का संगम धरा में श्रद्धालुगणों का सुबह से ही आना जाना शुरू हो गया था। रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण आस्था का सैलाब उमड़ गई थी। मीणा बाजार क्षेत्र में खचाखच भीड़ देखने को मिली। दुकानों में सामानों की बिक्री खूब हुई। आकाश, ब्रेक डांस, टोराटोरा, डिजनी लैण्ड, क्राफ्ट बाजार, मौत का कुंआ सहित पूरे मेला मैदान दुकाने सजी हुई है। जिस पर मेलार्थी जरूरत के सामनों को खरीद कियए तथा खाद्य पदार्थ वाले स्टॉल में स्वादिशिट व्यंजनों का आनंद भी ले रहे थे। कहना होगा कि मेला मैदान में अलग-अलग गलियां हैं और इस तरह से 3 किलोमीटर का फासला यहीं से तय करना पड़ रहा है। यहां से सीधे चलते हुए संगम में लंबे चैड़े वर्गाकार क्षेत्रफल में फेले मेला का स्वरूप आज अपने पूरे सबाब पर था।

मंदिरों में रही भीड़

राजिम के प्रमुख मंदिर भगवान राजीव लोचन, कुलेश्वरनाथ महादेव, लोमष ऋषि आश्रम, पवन दीवान आश्रम, सोमेश्वरनाथ महादेव, मांमा भांचा मंदिर, भूतेश्वनाथ महादेव मंदिर, राजिम भक्तिन माता मंदिर, साक्षी गोपाल, बाबा गरीबनाथ, लक्ष्मीनारायण मंदिर, दत्तात्रेय मंदिर, मां महामाया मंदिर, तुलजा भवानी मंदिर, गुरूघासीदास मंदिर आदि में दर्शन पूजन एवं अनुष्ठान करने के लिए लोग पहुंचते रहे और अपने मन की मुरादे श्रद्धालुओं ने प्रकट की।

ओखरा खरीदने बारी का इंतजार किया

राजिम मेला के प्रमुख मिठाई ओखरा खरीदने के लिए लोगों ने अपने बारी का इंतजार करते रहे। यहां उड़ीसा से ओखरा लेकर व्यापारी पहुंचे हुए है। इनके अलावा देवभोग व अन्य क्षेत्रों से भी आये हुए है। भीड़ बढऩे के साथ ही खरीददारी भी जमकर हुई। आज रविवार को उनके लिए भी संडे फनडे रहा।

संगम नदी में स्नान किया

प्रतिदिन संगम नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण स्नान कर रहे है। माघ पुर्णिमा में प्रथम स्नान हुआ। दूसरा स्नान जानकी जयंती 24 फरवरी को किया जायेगा तथा तीसरा स्नान महाशिवरात्रि के अवसर पर 1 मार्च को होगा। नदी की पवित्रता एवं संगम का महत्व पुराणों में भी वर्णित है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु संगम के पवित्र जल को देखते ही अपने आप को नहीं रोक पाते और डुबकी लगाने आतुर हो जाते है। प्रदेश सरकार के द्वारा दो शाही स्नान कुंड भी बनाया गया है। इनके अलावा यहां अलग-अलग घाट है जिसमें श्रद्धालुगण दिन प्रतिदिन पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

मुख्यमंच के दर्षक दीर्घा हो गये फूल

यहां प्रतिदिन मुक्ताकाषी सांस्कृतिक मंच पर प्रदेश के नामचीन कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है जिसे देखने के लिए दर्शक शाम 5 बजे से ही डट रहे हैं। दर्शक दीर्घा की कुर्सीयां भरी रहती है। इनके अलावा यू-ट्यूब, फेसबुक आदि माध्यमों से भी लोग कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे है।

मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी हुआ ढेर

❍ डीआरजी की टीम को मिली बड़ी सफ लता

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीशगढ़ कर बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस और डी आर जी को बड़ी सफलता मिली हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शाम को मिली आसूचना के आधार पर बुरगुम क्षेत्र में माओवादियों के गतिविधियों और उनकी हलचल की जानकारी मिली, जिसके बाद एस पी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस और डी आर जी का संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया गया। इस ऑपरेशन में सर्चिंग के दौरान फोर्स और माओवादियों कि बीच मुठभेड़ शुरू हो गई , इस मुठभेड़ में माओवादी खुद को कमज़ोर पड़ता देख जंगल का सहारा लेकर फरार हो गए। माओवादियों के फरार होने के बाद जब जवानों ने एरिया कि सर्चिंग की तो वहा मलांगेर एरिया कमिटी का सदस्य उर्फ मिलिशिया कमांड इंचार्ज का शव बरामद हुआ , जिसकी पहचान अर्जुन उर्फ लखमा सोड़ी के रूप में हुई, जो बुरुगुम क्षेत्र का इंचार्ज था। इस मारे गए माओवादी पर कई अपराध दर्ज थे और सरकार द्वारा 5 लाख का और एसपी दंतेवाड़ा की तरफ से 10 हजार का इनाम घोषित था। माओवादी के शव के साथ एक 5 किलो का टिफिन बम, एक पिस्तौल , काली वर्दी आदि समान भी बरामद हुआ।

राज्य सरकार ने तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघुवनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर की 61

❍ अब खरीदी में हर्रा बाल, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड), झाड़ू छिंद (घास), कोदो, कुटकी (काला), कुटकी (भूरा), रागी, अमचूर (सफेद) तथा अमचूर (भूरा) भी शामिल

❍ अमचूर (सफेद) 120 रूपए तथा अमचूर (भूरा) 80 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्तमान में समर्थन मूल्य पर 61 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस तरह छत्तीसगढ़ में लगभग तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 61 कर दी गई है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में निर्धारित समर्थन मूल्य के तहत 52 से बढ़ाए गए 61 लघु वनोपजों में हर्रा बाल, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड), झाड़ू छिंद (घास), कोदो, कुटकी (काला), कुटकी (भूरा), रागी, अमचूर (सफेद) तथा अमचूर (भूरा) नवीन लघु वनोपज शामिल है। निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार इनमें हर्रा बाल 30 रूपए, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड) 10 रूपए, झाड़ू छिंद (घास) 15 रूपए, कोदो 30 रूपए, कुटकी (काला) 30 रूपए, कुटकी (भूरा) 30 रूपए, रागी 33.77 रूपए, अमचूर (सफेद) 120 रूपए तथा अमचूर (भूरा) 80 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी की जाएगी।

इस संबंध में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य में वर्तमान में समर्थन मूल्य के अंतर्गत खरीदी की जा रही लघु वनोपजों में संग्रहण दर मालकांगनी बीज (सूखा) 100 रूपए, बायबडिंग 94 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-1-35 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-2-31.50 रूपए, आंवला (बीज रहित) सूखा 57 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। इसी तरह रंगीनी लाख/छिली लाख (सूखा) 220 रूपए, रीठा फल (सूखा) 14 रूपए, वन जीरा बीज 70 रूपए, सतावर जड़ (सूखा) 107 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-1-16 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-2-14.50 रूपए, शहद 225 रूपए तथा नागरमोथा (सूखा) 30 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। माहुल पत्ता 15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-13.50 रूपए, हर्रा कचरिया 25 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-17 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-15.30 रूपए, बहेड़ा कचरिया 20 रूपए तथा गिलोय (सूखा) ग्रेड-1-40 रूपए, गिलोय (सूखा) ग्रेड-2-36 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसी तरह कुसुमी लाख/छिली लाख (सूखा) 300 रूपए, वन तुलसी बीज 16 रूपए, भेलवा 9.75 रूपए, शिकाकाई फल्ली (सूखा) 50 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-1-36 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-2-33 रूपए, इमली फूल (बीज रहित) 69 रूपए, इमली बीज 11 रूपए तथा महुआ फूल (सूखा) 33 रूपए, महुआ बीज 29 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। झाड़ू फूल (घास) 50 रूपए, कौंच बीज 21 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-1-37 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-2-33.50 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-1-126 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-2-115 रूपए, करंज बीज 24 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-1-30 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-2-27 रूपए तथा कुल्लू गोंद 125 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। काजू गुठली ग्रेड-1-90 रूपए, काजू गुठली ग्रेड-2-81 रूपए, साल बीज 20 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-1-23 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-2-20.70 रूपए, नीम बीज (सूखा) 27 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-1-42 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-2-38 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसके अलावा संग्रहण दर आंवला फल (कच्चा) 28 रूपए, रंगीनी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) 200 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-1-275 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-2-245 रूपए, झाड़ू कांटा (घास) 25 रूपए, बेलफल (कच्चा) 10 रूपए, जामुन फल (कच्चा) 23 रूपए, सवई घास 15 रूपए, पाताल कुम्हड़ा कंद (सूखा) 21 रूपए, सफेद मूसली कंद (सूखा) 650 रूपए, तीखुर कंद (कच्चा) 20 रूपए, अश्वगंधा जड़ (सूखा) 350 रूपए, कोरिया बीज (इन्द्र जौ) (सूखा) 150 रूपए, कुटज छाल (सूखा) 12 रूपए तथा पलाश फूल (सूखा) 11.50 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480